# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में आधार वैकल्पिक क्यों..?

- आयोग की वेब साइट लिंक पर ही गलत और अधूरी जानकारी
- मतदाता कहां से भरे फार्म में सही जानकारी?

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है. उक्त विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में मतदाताओं को सन 2003 की जानकारी भरने के फार्म बांटे जा रहे हैं. कई जगह मतदाताओं को फार्म बंट भी गए है.**

राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने मध्यप्रदेश को अन्य राज्यों के साथ मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में शामिल किया है. इसके तहत मतदाता को 2003 के पहले की विधानसभा क्रमांक, भाग संख्या और वोटर नंबर के साथ माता के नाम की जानकारी भरना है. इसमें पिता की जानकारी नहीं चलेगी, वो मतदाता सूची में आपके नाम के आगे लिखा होना पाया गया है, ऐसा आयोग का मानना है.

शहर में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलाया जाएगा.

यह बात अलग है कि इंदौर की 9 विधानसभा में करीब 25 लाख से ज्यादा मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण के फार्म ही नहीं बांटे जा सके है. इसका कारण है कि आयोग की प्रिंटिंग प्रेस में पूरे फार्म छपे ही नहीं है. वहीं अधिकारियों और चुनाव आयोग द्वारा बीएलओ को भारी दबाव बनाया जा रहा है कि वे फार्म भरकर जल्दी जमा करें. वास्तविकता यह है कि मतदाता को उक्त मामले के जानकारी मिलने के बाद वह स्वयं मतदाता सूची में नाम नहीं कटने के डर से खुद फार्म मांगने लगा है या फिर खुद किसी अन्य से फार्म की फोटोकॉपी करवा रहा है. आश्चर्य जनक बात यह है कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण फार्म में आधार संख्या को




वैकल्पिक दर्शाया गया है. वहीं रिश्तेदार, माता या पिता इपिक नंबर मांगा गया है. उसमें भी दिक्कत और परेशानी यह है कि वोटर आईडी और मतदाता सूची (जिसमें एपिक नंबर का उल्लेख) में अलग है. इसी स्थिति में स्पष्ट नहीं है कि मतदाता का नाम वोटर आईडी होने पर जुड़ा रहेगा या कट जाएगा?

**इन सभी विभागों में आधार अनिवार्य और केवाईसी भी**-चुनाव आयोग मतदाता सूची में आधार कार्ड को अनिवार्य नहीं मान रहा है. वहीं आयकर रिटर्न, गैस कनेक्शन, राजस्व और रजिस्ट्री, जन्म-मृत्यु, जीएसटी रिटर्न, बिजली कनेक्शन, पासपोर्ट, बैंक गारंटी और बैंक अकाउंट, बैंक लोन, डायवर्शन टैक्स में केवाईसी, राशनकार्ड को आधार से जोड़ने पर राशन दिया जाता है.

उपरोक्त सभी विभागों और कार्यों के लिए आधार कार्ड ज़रूरी है तो फिर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में आयोग द्वारा आधार कार्ड वैकल्पिक रखने का औचित्य क्या हो सकता है? इसमें केंद्र और राज्य सरकार के सभी विभाग में आधार कार्ड ज़रूरी है.

### मतदाताओं को 2003 के पहले की जानकारी में भारी परेशानी

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बीएलओ द्वारा चुनाव आयोग से दिए गए फार्म में 2003 में कौन सी विधानसभा, कौन सा मोहल्ला या कॉलोनी, भाग संख्या, वोटर नंबर मतदाताओं से मांगा जा रहा है. याद रहे कि 2003 के बाद चार विधानसभा चुनाव हो चुके है. इतने ही नगर पालिका और लोकसभा के चुनाव भी हो गए है. उक्त सभी चुनावों में मतदाता अपने मत का उपयोग भी कर चुके हैं. इसके बावजूद उससे 2003 का रिकॉर्ड मांगा जा रहा है.

### वेबसाइट लिंक अपडेट नहीं

आयोग द्वारा वेब साइट लिंक दी गई है, जो अपडेट नहीं होने के साथ अधूरी भी है. उदाहरण के लिए विधानसभा 4 की एक कॉलोनी भाग संख्या 141 है और उसमें मकान 133 तक ही जानकारी है. खास बात यह है कि उक्त कॉलोनी की दो भाग संख्या और कॉलोनी करीब 260 प्लॉट है. उपरोक्त भाग संख्या में आगे के मकानों के नंबर है ही नहीं. दूसरी जानकारी अधूरी यह है कि मकान मालिक की जगह दूसरे लोगों के नाम मतदाता के रूप में अंकित नजर आ रहे है. मतलब यह है कि कालोनी का नाम सही पर मतदाता के नाम कहीं और के है. उससे भी बढ़कर यह है कि वेब साइट लिंक पर कॉलोनी की भाग संख्या ही गलत है. जब भाग संख्या ही गलत आयोग की वेब साइट पर गलत है तो मतदाता अपनी सही जानकारी कहां से लेगा? ऐसे में मतदाता को जानकारी कौन देगा और कहां से मिलेगी? यह सवाल खड़े हो रहे है, मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में.

### भारत में नागरिकता का प्रमाण पत्र है आधार कार्ड

कई देशों में यूनिक आईडी लागू होने के जानकारी मिली थी. इसको देखते हुए तत्कालीन यूपीए सरकार में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने लागू करने की योजना बनाई थी. उक्त योजना को अमलीजामा पहले चेयरमैन नंदन नीलेकणी ने पहनाया था और आधार कार्ड लागू किया था. आधार कार्ड का पूरा नाम यूनिक आइडेंटीफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया है, जिसको यूआईडीएआई भी कहते है. यह भारत में 2009 में 12 डिजिट यानी नंबर का बनाया गया है और 2010 में लागू किया गया था. भारतीय नागरिक होने का प्रमाण है आधार कार्ड. भारत के अलावा आधार कार्ड यानि यूआईडी कार्ड अमेरिका, फ्रांस, स्वीटजरलैंड, यूएई जैसे कई देशों में लागू है. खास बात यह है कि सन 2022 में फ्रांस ने यूआईडी को अनिवार्य कर दिया. यूआईडी के बिना फ्रांस की नागरिकता नहीं मानी जाएगी.

# बिहार चुनाव परिणाम से देश में कोई सहमत नहीं: राबर्ट वाड्रा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. बिहार चुनाव परिणाम से देश में कोई भी सहमत नहीं है. यह चुनाव आयोग के कारण हुआ है, यह चुनाव का ढंग नहीं है. बिहार में दोबारा चुनाव होना चाहिए, परिणाम बदले हुए आएंगे.**

यह बात कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने आज मीडिया से चर्चा में कही है. वाड्रा दो दिन के लिए इंदौर के दौरे पर आए हैं. इस



दौरान वे आज खजराना गणेश मंदिर दर्शन करने भी गए. वे महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर की धार्मिक यात्रा करेंगे. आज एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में वाड्रा ने कहा कि बिहार चुनाव में परिणाम आए हैं वे चुनाव आयोग के कारण आए है. चुनाव निष्पक्ष होना चाहिए, यह चुनाव का ढंग नहीं है. देश की जनता बिहार चुनाव परिणाम से खुश नहीं है. हम कहेंगे तो बोलेंगे कि हार गए तो ऐसा कह रहे है. बिहार चुनाव में बेईमानी हुई है. बिहार में आंदोलन शुरू होगा. राहुल गांधी कल वहां जा रहे है और सब से मिलकर चर्चा करेंगे. इसके बाद युवाओं से आह्वान करेंगे. बिहार चुनाव में लोकतंत्र का नुकसान हुआ है।

### शिव भक्ति में बहुत विश्वास

उन्होंने कहा मैं मेरे परिवार की सुरक्षा की कामना करने धार्मिक यात्रा पर आया हूं. मेरा शिव भक्ति में बहुत विश्वास है. शिव देश हित में अच्छा करने की हिम्मत देते है. वाड्रा महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ भी गए और उन्होंने वहां दृष्टिहीन लोगों से मुलाकात कर कि कहा कि ये कैसे एक दूसरे से मिलकर रहते है. नहीं दिखने के बाद भी सारा काम कर लेते हैं

## कम मेहनत कर रातोंरात प्रसिद्धि पाना चाहते हैं नवोदित कलाकार: तिमोथी

**इंदौर. नई पीढ़ी के गायक कलाकार रातों-रात फेमस होना चाहते हैं। बेहतर गायक बनने के लिए पुरजोर रियाज के अलावा कोई विकल्प नहीं है/ देश के नामचीन गायकों ने ताउम्र अपनी गायकी को उम्दा बनाने के लिए रोजाना रियाज की.**



यह बात पार्श्व गायिका उषा तिमोथी ने कही. सुश्री तिमोथी स्टेट प्रेस क्लब मध्य प्रदेश के रूबरू कार्यक्रम में मीडिया कर्मियों से चर्चा कर रही थी. उन्होंने कहा कि पुराने दौर के गायक गीत गजलों के भाव को अपनी आवाज में उतार लेते थे और यह भी ध्यान रखते थे कि वह गीत किस कलाकार पर फिल्माया जा रहा है. पुराने गीतों की उम्र इसीलिए अधिक रहती थी क्योंकि गायक उसमें अपना सर्वस्व लगा देते थे. उन्होंने कहा कि उनकी तमन्ना है कि नई पीढ़ी के गायकों को गीतों की बारीकियां सिखाएं. उन्होंने इंदौर में भी युवा कलाकारों के लिए कार्यशाला लगाने की इच्छा जताई. प्रारंभ में सुश्री तिमोथी का स्वागत प्रवीण खारीवाल, रचना जौहरी, संजीव गवते एवं सीमा माहेश्वरी ने किया. स्मृति चिन्ह अभिनय कला समाज के प्रधानमंत्री सत्यकाम शास्त्री ने एवं कैरीकेचर गोविंद लाहोटी कुमार ने भेंट किया. आभार दीपक माहेश्वरी ने व्यक्त किया.

### एक नजर में

## मन की उड़ान लघुकथा संग्रह ऑनलाइन लोकार्पित



**इंदौर.** लेखन करना एक बहुत बड़ी कला है जिसे केवल लेखक ही समझ सकता है. पहले लेखक अपने मन के अंदर मंथन करता है उससे साक्षात्कार करता है तभी रचना को मूर्त रूप दे पाता है. यह बातें साहित्यकार डा. सुधा चौहान ने लेखिका प्रेरणा सेन्द्रे की किताब मन की उड़ान लघुकथा संग्रह के आनलाइन लोकार्पण अवसर पर कही. संस्था अखंड संडे का यह 114 वां आनलाइन लोकार्पण था. थैलेसीमिया एडं चाइल्ड वेलफेयर समूह की अध्यक्षा डा. रजनी भण्डारी ने कहा कि प्रेरणा ने अपने आसपास घर परिवार आसपास के परिवेश में जो देखा महसूस किया उसे शब्दों में ढालकर लघुकथाओं का स्वरूप दिया है जो समाज के लिए प्रेरणादायी है. डा. अंजुल कंसल ने कहा कि इस संग्रह की लघुकथाओं में व्यवहारिक जीवन की झलक दिखाई देती है. कृतिकार प्रेरणा सेन्द्रे ने कहा कि अपने विचारों को अपने भावों को अभिव्यक्त करने का हुनर माता पिता से सीखा. संचालन मुकेश इंदौरी ने किया. इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रवींद्र पहलवान, पटियाला पंजाब से प्रख्यात लघु कथाकार योगराज प्रभाकर, आशा जाखड़, डॉ शशि निगम, डा. शशिकला अवस्थी, कुसुम सोगानी, प्रभा तिवारी, संतोष तोषनीवाल, भावना दामले, नवनीत जैन आदि कई साहित्यकार उपस्थित थे.

## शर्मा बने मप्र लोकतंत्र सेनानी संघ में प्रांतीय उपाध्यक्ष



**इंदौर.** आपातकाल के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन से जुड़े सक्रिय छात्र नेता और उस दौरान पुलिस द्वारा सर्वाधिक प्रताड़ित किए गए मीसा बंदी गिरीश शर्मा आदित्य को लोकतंत्र सेनानी संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है. वे अब तक इंदौर जिला लोकतंत्र सेनानी संघ के जिलाध्यक्ष थे. उनके पिछले 4 वर्षों के कार्यकाल को देखते हुए वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें पदोन्नत करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है. वे मुद्रा शास्त्री भी हैं और भारतीय संस्कृति एवं इतिहास को उन्होंने विदेशों में भी गुंजायमान किया है. उनकी सेवाओं के लिए उन्हें मुद्रा संग्रह के क्षेत्र में 31 बार जीवन गौरव सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं. हाल ही भोपाल में आयोजित बैठक में गिरीश शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा गणेश कुमार अग्रवाल को संघ का इंदौर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. इस नियुक्ति पर अनेक लोगों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं.

## अग्रसेन महासभा का मिलन समारोह एवं अन्नकूट आज

**इंदौर.** श्री अग्रसेन महासभा का दीपावली मिलन, 56 भोग एवं अन्नकूट महोत्सव सोमवार को शाम 7 बजे से कोकिलाबेन हॉस्पिटल के पास होटल एएफसी निपानिया पर होगा. महासभा के अध्यक्ष कैलाशनारायण बंसल, सचिव राजेश मित्तल एवं संयोजक द्वय राजेश गर्ग केटी और प्रमोद बिंदल ने बताया कि इस अवसर पर भगवान श्रीनाथजी को 56 भोग समर्पण एवं महाआरती के पश्चात नर्मदापुरम के आचार्य पं. अविनाश मिश्रा और उनके साथियों द्वारा मां नर्मदा की भव्य महाआरती, शिवशक्ति डांस ग्रुप द्वारा नृत्य प्रस्तुति एवं खरगोन के प्रसिद्ध गायक शुभम तारे और सावन म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा मधुर गीतों की प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी.

## डोंबिवली नागरी सहकारी बैंक का सहकार्य सेतु कार्यक्रम

**इंदौर.** डोंबिवली नागरी सहकारी बैंक ने दो दिनों में लगातार दो शाखाओं- पहली उज्जैन और दूसरी इंदौर का उद्घाटन कर बैंक ने राज्य में अपने विस्तार की सशक्त व रणनीतिक शुरुआत की. इसी अवसर पर डोंबिवली बैंक एवं सहकार भारती- इंदौर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संवाद कार्यक्रम सहकार्य सेतु का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में महाराष्ट्र स्टेट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक्स फेडरेशन के संचालक मिलिंद आरोलकर तथा मध्यप्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषिराज सिसोदिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे. इस आयोजन में उज्जैन और इंदौर की कुल 11 सहकारी बैंकों तथा अनेक पतसंस्थाओं ने सहभागिता की. डोंबिवली नागरी सहकारी बैंक के संचालक योगेश वाळुंजकर ने बैंक के डिजिटल परिवर्तन रोडमैप का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया. डोंबिवली बैंक के व्यावसायिक ऋण विभाग प्रमुख पराग नवरे ने कंसोर्टियम फाइनेंसिंग विषय पर महत्त्वपूर्ण सत्र प्रस्तुत किया. डोंबिवली नागरी सहकारी बैंक के अध्यक्ष एड. गणेश धारगळकर ने अपने प्रारंभिक भाषण में बैंक के दीर्घकालिक उद्देश्यों का उल्लेख किया.

# गीता भवन में आज लगेगा मिर्गी रोग शिविर

**इंदौर.** राष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर पर सोमवार सुबह 10.30 बजे मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर इंदौर मिर्गी विशेषज्ञ एसो. समिति एवं गीता भवन अस्पताल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम होगा. एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. वसंत डाकवाले एवं सचिव डॉ. श्रीमती वीवी नाडकर्णी ने बताया कि 17 नवंबर को सारे देश में 28 शाखाओं के माध्यम से राष्ट्रीय मिर्गी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इसी श्रृंखला में एसोसिएशन के इंदौर चैप्टर द्वारा भी उक्त कार्यक्रम आयोजित कर मिर्गी के मरीजों, चिकित्सकों एवं पालकों को आमंत्रित कर उन्हें मिर्गी के रोग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा. इस अवसर पर सुबह 10 बजे से मरीजों का पंजीयन कर दोपहर 12.30 बजे से उनका मेडिकल चेकअप कर आवश्यक औषधियां भी प्रदान की जाएंगी. कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10.40 बजे सरस्वती वंदना के साथ होगा. गीता भवन हॉस्पिटल के मीडियल डायरेक्टर डॉ. जीएम भंडारी, डॉ. अनघा भागवत भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे.

# गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी पर्व पर निकाली बाइक रैली

- सिख समाज के युवाओं ने किया आयोजन

**इंदौर.** शहर के सिख समाज द्वारा आज गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में इंदौर से बेटमा गुरुद्वारा तक बाइक रैली का आयोजन किया गया. इसमें सिख समाज के युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया.



मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ केंद्रीय श्री गुरु सिंघ सभा एवं श्री गुरु सिंघ सभा इंदौर के अध्यक्ष हरपाल सिंघ मोनू भाटिया की अध्यक्षता में रैली निकाली गई. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ केंद्रीय श्री गुरु सिंघ सभा यूथ विंग के प्रेसिडेंट रिक्की गांधी व मोनू भाटिया ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी पर्व को ध्यान में रखते हुए यह बाइक रैली निकाली गई जिसमें सिख समाज के सैकड़ों युवा शामिल हुए. रैली की शुरूआत गुरु अमरदास हॉल से की भाजपा के प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे द्वारा झंडा दिखा कर की गई. इसके बाद कलेक्ट्रेट होते हुए धार रोड से बेटमा गुरुद्वारा तक रैली निकाली. यात्रा में शहर के नागरिकों को और यातायात को किसी भी तरह की समस्या न आए सभी बातों का खास ध्यान रखा गया.

### अरदास के साथ रैली का समापन

सभी सिख भाइयों ने व्हाइट कुर्ता पजाम के साथ नीली पगड़ी पहनी. गाड़ियों पर सिख समाज का निशान साहेब लगाए. रैली में सिख समाज के साथ ही सिन्धी समाज के युवा भी शामिल हुए. बेटमा गुरुद्वारा में अरदास के साथ रैली का समापन किया गया जिसके बाद लांगर में सभी ने गुरु प्रसाद ग्रहण कर गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी को याद किया.



## बच्चों का विकास ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है: प्रो. शर्मा

- रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल का बाल दिवस पर कार्यक्रम

**इंदौर.** बच्चों को अपने प्रतिभा निखारने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए यह सभी माता-पिता एवं समाज का दायित्व है. बच्चों का विकास ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है. बाल दिवस बच्चों को समर्पित भारत का एक राष्ट्रीय त्योहार है. इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके विकास एवं शिक्षा के महत्व को उजागर करना है.

यह बात अंतरराष्ट्रीय कवि प्रो. डॉ. राजीव शर्मा ने बाल दिवस समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कहीं. वे रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल द्वारा महादेवी पुस्तकालय सभागृह मे आयोजित समारोह में बोल रहे थे. डॉ .शर्मा ने इंदौर के विभिन्न विद्यालयों के 11 प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए. प्रवीण जोशी ने बताया कि क्लब के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल एवं सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे ने अतिथि का स्वागत किया. संचालन अशित राजकोटिया ने किया. आभार माना शांता पारेख ने.

# बच्चे सीखने और आगे बढ़ने के प्रति सजग रहें

- रोचक एवं शिक्षा प्रद गतिविधियों के साथ मनाया बाल दिवस

**इंदौर.** समाज सेवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पालीवाल बाल विनय मंदिर में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों की खेल, वाद-विवाद, चित्रकला, क्विज आदि विभिन्न मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. छात्र- छात्राएं विभिन्न आकर्षक वेशभूषा में सजधज कर आए.

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति डॉ. निशा दुबे ने कहा कि बाल दिवस बच्चों की खुशी एवं बेहतर भविष्य के अवसरों के प्रति समाज के दायित्व का स्मरण कराता है.



बच्चे भी सीखने और आगे बढ़ने के प्रति सजग रहें. समाज सेवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आलोक खरे ने स्वागत उद्बोधन दिय. शिक्षण समिति के अध्यक्ष हरलाल पालीवाल ने शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर विभिन्न

प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए. समाज सेवा प्रकोष्ठ के श्याम पांडे ने संचालन एवं सुबोध भोरास्कर ने आभार व्यक्त किया. प्रकोष्ठ के बलराम जाटव, अशोक कापड़निस एवं पुष्पा महाडिक भी उपस्थित थे. विद्यालय सचिव हरलाल पालीवाल, उप-प्राचार्या असलकर मैडम, मटकर सर सहित स्टाफ ने सक्रियता पूर्वक आयोजन संपन्न किया.

एक नजर में ▶ तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर की हुई शुरूआत

# खेती के साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है मिट्टी: डॉ. द्विवेदी

**इंदौर.** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली तथा शिक्षा स्वास्थ्य न्यास (मालवा प्रांत) तथा आयुष मेडिकल वेलफेयर फाउंडेशन इंदौर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ निःशुल्क मिट्टी चिकित्सा शिविर से रविवार को हुआ. उद्घाटन सत्र में उपस्थित अतिथियों ने प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने अनुभव साझा किए.

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि इंदौर के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. योगेश शाह, विशेष अतिथि वार्ड 50 के पार्षद राजीव जैन और विशिष्ट अतिथियों में आरआर कैट के साइंटिस्ट मनोज तिवारी, एडीजे अविनाश शर्मा, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इंदौर के सीनियर कंसलटेंट साइकेट्रिस्ट डॉ. वैभव चतुर्वेदी, संेट पॉल स्कूल के फिजिकल एज्युकेशन एंड स्पोर्ट्स





प्रमुख डॉ. अविनाश यादव, तथा रहवासी सुनील चंद्रन उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा स्वास्थ्य न्यास (मालवा प्रांत) के संयोजक एवं वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. एके द्विवेदी ने की. मुख्य अतिथि डॉ. योगेश शाह ने कहा कि आधुनिक समय में हम मानसिक रूप से अप्राकृतिक होते जा रहे हैं. लोग प्राकृतिक चिकित्सा से लगातार दूर हो रहे हैं. ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने कहा कि डॉ. ए.के. द्विवेदी के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में प्रेरक सिद्ध होंगे. अध्यक्षता करते हुए डॉ. द्विवेदी ने कहा कि मिट्टी केवल कृषि के लिए ही नहीं बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है. मिट्टी में प्राकृतिक शीतलता एवं विषहरण की अद्भुत क्षमता होती है, जो शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में सहायक है. उन्होंने बताया कि मिट्टी चिकित्सा शरीर की गर्मी को कम करती है, त्वचा रोगों में लाभ देती है तथा पाचन तंत्र को सुदृढ़ बनाती है.

### समाज की भलाई ही हर कार्य का केंद्र बिंदु हो

साइंटिस्ट मनोज तिवारी ने कहा कि किसी भी कार्य का केंद्र बिंदु समाज की भलाई होना चाहिए. एडीजे अविनाश शर्मा ने कहा कि हमारे गुणीजनों ने वर्षों से प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाया है। मिट्टी चिकित्सा को लेकर उनके मन में जो जिज्ञासा थी, वह इस शिविर में दूर हुई. डॉ. वैभव चतुर्वेदी ने धूप स्नान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ठंड के मौसम में दिमाग पर प्रभाव बढ़ जाता है, जिसे विंटर डिप्रेशन या सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर कहते हैं. इस स्थिति में व्यक्ति चिड़चिड़ा हो जाता है और अत्यधिक नींद आने लगती है. प्रतिदिन 10 से 15 मिनट का धूप स्नान डिप्रेशन से बचाव में अत्यंत सहायक है.

### नेचुरोपैथिक सचेतक प्रमाण-पत्र वितरित

आयुष मेडिकल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से सभी प्रतिभागियों को नेचुरोपैथिक सचेतक प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इससे पहले तैयार किए गए विशेष मिट्टी लेप से प्रतिभागियों को मिट्टी चिकित्सा दी गई. बड़ी संख्या में युवाओं ने भी मिट्टी का लेप लगाकर धूप स्नान का लाभ लिया. शिविर का संचालन दीपक उपाध्याय ने किया. आभार विनय पांडेय ने माना. डॉ. ऋषभ जैन ने अतिथियों का स्वागत किया.